दैनिक जागरण 17/12/2024

जीएमएन कालेज ने जीती फुटबाल चैंपियनशिप

सात खिलाड़ी इंटर यूनिवर्सिटी के लिए चुने गए

अंबाला कैंट के जीएमएन कालेज की फुटबाल टीम के खिलाड़ी। • विज्ञप्ति

जासं • अंबाला : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल परिषद द्वारा आयोजित अंतर-कालेज फुटबाल पुरुष चैंपियनशिप 2024-25 में गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता 7 से 12 दिसंबर तक प्रारंभिक चरण में खेली गई और फाइनल मैच 15 दिसंबर को आयोजित किया गया। जीएमएन कालेज की टीम ने इन मैचों में खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए एसडी कालेज को 6-1 के बड़े अंतर से हराया। इसके बाद उन्होंने आइआइएचएस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम को 7-0 से पराजित किया।

वहीं, गुरुनानक खालसा कालेज यमुनानगर को 2-0 से हराकर उन्होंने अपनी जीत की लय को बरकरार रखा। सभी मैच जीतकर जीएमएन कालेज ने चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन मैचों के आधार पर जीएमएन कालेज के सात खिलाड़ियों का चयन इंटर यूनिवर्सिटी फुटबाल चैंपियनशिप के लिए किया गया। खेल विभाग के प्रमुख ब्रजेश कुमार ने बताया कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिणाम है। उन्होंने कहा, "हमारे छात्रों ने कॉलेज का नाम रोशन किया है। यह सभी के लिए गर्व का क्षण है। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने पूरी टीम और खेल विभाग के प्रमुख को इस सफलता पर बधाई दी।